भारतीय खाद्य निगम के गोदामों पर व्यय

1614. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय खाद्य निगम द्वारा गत दो वर्षों के दौरान गोदामों के किराए के भुगतान के रूप में कितनी धनराशि व्यय की गयी ;

(ख) उसका राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि किराए पर लिए गए गोदामों का उपयोग नहीं किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्प नाथ राय) : (क) भारतीय खाद्य निगम द्वारा 1991-92 और 1992-93 के दौरान गोदामों के किराये के रूप में क्रमशः 5903.52 लाख रुपये और 4393.05 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

(ख) खर्च का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है **(नीचे देखिए)** ।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

विवरण

खर्च का राज्य-वार ब्यौरा

(धनराशि लाख रुपये में)

क्रम सं० क्षेत्र	1991-92	1992-93
1 जम्मू और कश्मीर	—	—
2 पंजाब	1245.30	1373.04
3 हरियाणा	296.14	212.34
4 उत्तर प्रदेश	877.16	642.24
5 राजस्थान	148.44	55.25
6 दिल्ली	23.33	20.00
7 हिमाचल प्रदेश	17.24	11.64
8 आंध्र प्रदेश	1324.92	539.99
9 तमिलनाडु	116.97	100.65
10 कर्नाटक	177.50	118.84
11 केरल	16.04	5.54
12 पी०ओ० मद्रास	16.14	16.14
13 पी० ओ० विजाग	—	0.24
14 मध्य प्रदेश	430.96	297.64
15 महाराष्ट्र	390.75	318.65
16 गुजरात	224.53	184.66
17 पी ०ओ० काण्डला	1.55	—
18 पी०ओ० कलकत्ता	112.20	96.05
19 असम	49.57	36.72
20 बिहार	122.27	73.72
21 उड़ीसा	151.49	187.32
22 पश्चिम बंगाल	118.23	68.08
23 एन०ई०एफ०	43.56	34.30
जोड़	**5903.79**	**4393.05**